हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 29 जनवरी 2026
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

3 बालिका छात्रावास निर्माण में भारी अनियमितता



## खबर संक्षेप

### जिपं सरगुजा की सामान्य सभा की बैठक आज

**अंबिकापुर।** जिला पंचायत सरगुजा की सामान्य सभा की महत्वपूर्ण बैठक 29 जनवरी को आयोजित की गई है। जिसके समय में आंशिक संशोधन करते हुए यह बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में प्रातः 10.30 बजे से प्रारंभ होगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में जिले के विकास कार्यों, विभागीय योजनाओं की समीक्षा और जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। बैठक की महत्ता को देखते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने सर्व संबंधित सदस्यों, विभागीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने कहा है।

### मौन रैली व विचार गोष्ठी 30 को, शामिल होंगे कन्हैया

**अंबिकापुर।** महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर रेहाना फाउंडेशन के द्वारा शहर में एक मौन रैली एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर देश के प्रख्यात विचारक एवं वक्ता कन्हैया कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे और गांधी विचारों, लोकतंत्र तथा समकालीन भारत पर अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आदित्येश्वर शरण सिंहदेव करेंगे। आयोजकों ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत 30 जनवरी को शाम 4.30 बजे महामाया चौक से निकाली जाने वाली मौन रैली से होगी जो गांधी चौक होते हुए सभा स्थल राजमोहनी देवी भवन पहुंचेगी। मौन रैली के पश्चात सभा स्थल राजमोहिनी देवी भवन में सायं 5.30 बजे से विचार गोष्ठी आयोजित की जाएगी। आयोजकों के अनुसार, यह कार्यक्रम किसी राजनीतिक प्रदर्शन के उद्देश्य से नहीं, बल्कि गांधी जी के मूल्यों-सत्य, अहिंसा, सहिष्णुता और संवाद को आज के समय में पुनः स्थापित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। मौन रैली के दौरान अनुशासन और शांति बनाए रखते हुए गांधी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। कार्यक्रम को लेकर शहर के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं बौद्धिक वर्ग में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों का कहना है कि कन्हैया जैसे वरिष्ठ और राष्ट्रीय स्तर के वक्ता की उपस्थिति से यह आयोजन और भी विचारोत्तेजक एवं प्रभावशाली बनेगा। आयोजक संस्था ने शहर के सभी नागरिकों, युवाओं, सामाजिक संगठनों एवं गांधी विचारों में आस्था रखने वाले लोगों से अपील की है कि वे समय पर उपस्थित होकर मौन रैली एवं विचार गोष्ठी में सहभागिता करें और गांधी जी को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करें।

### एसईसीएल में पदस्थ चिकित्सकों का हुआ तबादला

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल कम्पनी मुख्यालय से बुधवार को जारी आदेश में विभिन्न क्षेत्रों में पदस्थ दस चिकित्सकों का प्रभार बदलते हुए उन्हें अब नई जिम्मेदारी दी गई है।सूची में चार चिकित्सकों को क्षेत्रीय प्रभार सौंपा गया है,बिश्रामपुर केंद्रीय चिकित्सालय में पदस्थ चिकित्सक मोनिका वाल्टर का तबादला कोरबा किया गया है,जारी आदेश में गेवरा क्षेत्र में पदस्थ डॉ कल्याण सरकार सोहागपुर क्षेत्र के एरिया मेडिकल ऑफिसर नियुक्त किए गए हैं,गेवरा में ही पदस्थ डॉ विजय लक्ष्मी कश्यप गेवरा के एरिया मेडिकल ऑफिसर नियुक्त किए गए हैं,बैकुंठपुर में पदस्थ डॉ सुलामीन मिंज को वहीं का एएमओ नियुक्त किया गया है,रायगढ़ में पदस्थ डॉ सुधीर कुमार रजक को दीपका क्षेत्र का एएमओ नियुक्त किया गया है,डॉ शैलेन्द्र राम कुम्हार को हसदेव से गेवरा,डॉ अनुज मोहन को गेवरा से दीपका,डॉ अनु नेहा कोरबा से हेडक्वार्टर बिलासपुर,डॉ अनिरुद्ध रॉय को बैकुंठपुर से हसदेव,डॉ हिमांशु पांडेय गेवरा से हेडक्वार्टर बिलासपुर तबादला किया गया है।

## छावनी में तब्दील किया गया न्यायालय परिसर

# जिला एवं सत्र न्यायालय को मिली बम से उड़ाने की धमकी, आया हॉट मेल



अधिकारियों से चर्चा करते एसएसपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बुधवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब जिला एवं सत्र न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली। धमकी भरा मेल जिला न्यायालय के ईमेल पर आया है। न्यायालय को उड़ाने की धमकी मिलने की सूचना के बाद जिला व पुलिस प्रशासन में भी हड़कंप मच गया। सूचना के बाद एसएसपी के साथ ही पुलिस के आला अधिकारी बीडीएस टीम व डॉग स्क्वायड के साथ मौके पर पहुंचे और न्यायालय के चप्पे-चप्पे की जांच की गई। गनीमत रही कि परिसर में कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। एहतियातन न्यायालय परिसर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है और आने जाने वालों की सघनता से जांच की जा रही है।

**खास बात**
- बीडीएस व डॉग स्क्वायड की मदद से की गई जांच

बताया जा रहा है कि बुधवार को प्रदेश के जांजगीर चांपा, धमतरी, जगदलपुर के साथ ही सरगुजा जिला न्यायलय को बम से उड़ाने की धमकी मिली। कोर्ट को यह धमकी ईमेल के माध्यम से मिली है जिसके बाद हड़कंप मच ग्या। जिला एवं सत्र न्यायालय के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी गई। जिला एवं सत्र न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद हरकत में आई पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और जिला एवं सत्र न्यायालय को घेर लिया गया। इस दौरान एसएसपी व डीआईजी राजेश अग्रवाल, एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो, सीएसपी राहुल बंसल के नेतृत्व में बम डिस्पोजल, डॉग स्क्वायड और साइबर सेल की टीम मौके पर पहुंची। वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में बीडीएस की टीम ने अपने उपकरणों और स्नीफर डॉग की मदद से जिला एवं सत्र न्यायालय के चप्पे चप्पे की गहनता से जांच की। इस दौरान परिसर में आने जाने वाले लोगों के साथ ही उनके सामानों की तलाशी ली गई। परिसर में भी जगह जगह सर्च अभियान चलाया गया। दिनभर चले अभियान के दौरान जिला एवं सत्र न्यायालय में फिलहाल कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिला है जिससे पुलिस अधिकारियों ने राहत की सांस ली। हालांकि इस मामले में अब तक अपराध दर्ज नहीं किया जा सका है।

### आउटलुक से आया मेल

बताया जा रहा है कि जिला एवं सत्र न्यायालय में जो धमकी भरा हॉट मेल आया है वह आउट लुक से आया है। यह मेल प्रदेश एक तीन से चार अन्य न्यायालयों में भी गया है। मेल किसी वेंगा एटदीरेट से आया है। फिलहाल मेल को लेकर कोइ ख़ास जानकारी सामने नहीं आई है लेकिन साइबर सेल की टीम इस धमकी भरे मेल के बारे में जानकारी निकाल रही है। अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल इस मामले में कोई खास जानकारी सामने नहीं आ पाई है।

### बढ़ाई गई न्यायालय की सुरक्षा व्यवस्था

जिला एवं सत्र न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड़ पर है। एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर जिला एवं सत्र न्यायालय को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। न्यायालय में आने जाने वाले लोगों की मेटल डिटेक्टर से जांच की जा रही है। फिलहाल न्यायालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था जारी रहेगी और आने वाले लोगों की जांच की जाएगी ताकि किसी प्रकार की चूक ना हो।

### चल रही है जांच

जिला न्यायालय में मिले धमकी भरे ईमेल के बाद बीडीएस, डॉग स्क्वायड के साथ परिसर की जांच की गई। फिलहाल कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। धमकी भरे मेल की जांच चल रही है। इसके साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल बढ़ाया गया है और आने जाने वालों की जांच चल रही है।
राजेश अग्रवाल
एसएसपी, डीआईजी



जांच करती बीडीएस टीम।

# रिश्वत खोर आरआई को न्यायालय ने सुनाई 4 साल के कठोर कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रिश्वतखोरी के मामले में कोर्ट ने विशेष न्यायालय भ्रष्टाचार निवारण ने राजस्व निरीक्षक को चार साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है और अर्थदंड से दंडित किया है। आरोपी को एंटी करप्शन ब्यूरो ने 8 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर जेल भेजा था। बताया जा रहा है कि शहर के कृष्णा नगर निवासी श्रीमती अर्चना खाखा ने 17 जुलाई 2020 को एक शिकायत दर्ज कराई थी कि महिला के पति राकेश खाखा ने वर्ष 2018 में ठाकुरपुर निवासी जानू आ. बंधु अगरिया से खसरा नंबर 542/12, रकबा 0.04 हेक्टेयर भूमि खरीदा था। भूमि खरीदने के बाद महिला जमीन का नक्शा काटने और रिकॉर्ड दुरुस्त करने के लिए राजस्व निरीक्षक राज बहादुर सिंह के पास गई थी। इस दौरान आरआई राज बहादुर सिंह ने नक्शा काटने व रिकार्ड दुरुस्त करने के नाम पर महिला से 10 हजार रुपए की मांग की थी लेकिन महिला रिश्वत देने के बदले आरआई को रंगे हाथों गिरफ्तार कराना चाहती थी। ऐसे में उसने घटना की शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो के उप पुलिस अधीक्षक से की।



शिकायत के बाद एसीबी की टीम ने शिकायत का सत्यापन कराया जिसमें आरोपी आरआई राज बहादुर सिंह ने पुनः 10 हजार रुपए लेने और उससे एक रुपए भी कम नहीं करने की बात कही। सत्यापन के बाद आरोपी महिला की जमीन नापने के लिए पहुंचा जहां उसने 10 हजार रुपए की मांग की गई लेकिन महिला ने उसे दो हजार रुपए दिया और शेष 8 हजार रुपए नक्शा काटकर दुरुस्त करने के बाद देने की बात कही। ऐसे में एंटी करप्शन ब्यूरो ने 7 अगस्त 2020 को ट्रैप कार्रवाई करते हुए पटवारी कार्यालय सह निवास फुन्दुरडिहारी में राजस्व निरीक्षक राजबहादुर सिंह को 8 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था।

रिश्वतखोरी के आरोप की सुनवाई विशेष न्यायालय, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के कोर्ट में चल रही थी। सुनवाई के बाद 28 जनवरी को कोर्ट ने आरोपी राज बहादुर सिंह को दोषी मानते हुए 4 वर्ष के कठोर कारावास और 5 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

## ओरसा घाट बस दुर्घटना में गंभीर ग्रामीण की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ग्राम पीपर सोत सहित आसपास के ग्रामीण परिवार सहित 16 जनवरी को एक स्कूल बस से झारखंड जा रहे थे। इस दौरान बस ओरसा घाटी पर अनियंत्रित होकर पलट गई थी। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि घटना स्थल पर ही चार लोगों की मौत हो गई थी जबकि अन्य 6 लोगों ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल ग्रामीण का अभी भी उपचार चल रहा है। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल ग्राम खडियाडामर निवासी सूरज सोनवानी ने इलाज के दौरान सोमवार को दम तोड़ दिया। सूरज सोनवानी की पत्नी एवं पुत्र की भी दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे तथा अस्पताल में भर्ती है। चिकित्सक दोनों की हालत को गंभीर बता रहे है।

# ऑनलाइन पार्ट-टाइम जॉब लगवाने का लालच देकर ग्रामीण से 6.64 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ऑनलाइन पार्ट-टाइम जॉब लगवाने और मोटे बोनस राशि मिलने का लालच देकर साइबर ठगों द्वारा कई लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। बिश्रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुरूवां निवासी युवक से ठगों ने करीब 6 लाख 64 हजार 500 रुपए की रकम हड़प ली है,पीड़ित ने पूरे मामले की शिकायत थाना बिश्रामपुर सहित साइबर क्राइम पोर्टल पर दर्ज कराई है।

- पीड़ित ने क्राइम पोर्टल पर दर्ज कराई एफआईआर

जानकारी के अनुसार 36 वर्षीय अभय प्रताप पिता ओमप्रकाश जो वर्तमान में गुमला झारखंड में निजी नौकरी करता है, उसके मोबाइल नंबर पर 2 दिसंबर 2025 को एक अनजान नंबर से व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया,ग्रुप में पार्ट-टाइम जॉब कर पैसे कमाने का झांसा देते हुए बताया गया कि छोटे-छोटे टास्क पूरे करने पर प्रति टास्क 50 रुपए मिलेंगे,शुरुआत में विश्वास दिलाने के लिए टेलीग्राम ऐप डाउनलोड कराकर टास्क करवाए गए और वास्तविकता में कुछ रकम उसके यूपीआई खाते में भेजी गई,इससे युवक का भरोसा और बढ़ गया,इसके बाद ठगों ने पेड टास्क और डेढ़ गुना बोनस का लालच देकर अलग-अलग यूपीआई आईडी और बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर करवाने शुरू कर दिए,3 दिसंबर से 10 दिसंबर 2025 के बीच अभय प्रताप से कई चरणों में अलग-अलग खातों में रकम जमा कराई,इस दौरान उसने छोटे-बड़े अमाउंट मिलाकर कुल 6 लाख 64 हजार 500 रुपए विभिन्न यूपीआई आईडी और बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिए, इस दौरान हर बार टास्क पूरा होने और बोनस मिलने का भरोसा दिया जाता रहा। जब पीड़ित ने जमा रकम निकालने की मांग की, तो ठगों ने नया पेंच फंसा दिया,उसे बताया गया कि उसका स्कोर 100 में से 91 है, इसलिए रकम निकालने के लिए स्कोर खरीदना जरूरी है, जिसकी कीमत 48,099 रुपए प्रति स्कोर बताई गई,इसी दौरान संबंधित टेलीग्राम ग्रुप और आईडी अचानक बंद हो गईं, जिससे पीड़ित को अपने साथ ठगी हो जाने का एहसास हुआ,जिसके बाद पीड़ित ने 13 दिसंबर 2025 को साइबर क्राइम पोर्टल के टोल-फ्री नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई,इसके बाद उसने थाना बिश्रामपुर में लिखित आवेदन देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित का आरोप है कि मोबाइल नंबरों और टेलीग्राम आईडी धारकों ने आपराधिक षड्यंत्र रचकर, बेईमानी से प्रेरित करते हुए ऑनलाइन ठगी को अंजाम दिया है, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# धान लोड ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

बीती रात ट्रैक्टर से टकराकर बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। दुर्घटना में घायल युवकों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है और घटना की जांच चल रही है।

- एनएच 130 पर हुई घटना, दो घटनाओं में तीन की मौत

बताया जा रहा है कि मैनपाट परपटिया निवासी 16 वर्षीय महेंद्र यादव पिता गंगाराम यादव व कुन्नी निवासी 19 वर्षीय विजय लाल यादव आ. शिव प्रसाद यादव 27 जनवरी को बाइक क्रमांक सीजी 15 डीयू 5066 से घूमने के नाम पर निकले हुए थे। दोनों युवक रात लगभग 9 बजे उदयपुर से डांडगांव की ओर जा रहे थे। इस दौरान तिराहे के पास ग्राम पंचायत सलबा से धान लोड बिना नम्बर का ट्रैक्टर अचानक ही नेशनल हाईवे 130 पर आ गया। ट्रैक्टर में धान लोड था और चालक धान लेकर समिति की तरफ जा रहा था। धान लोड ट्रैक्टर से टक्कर के बाद दोनों युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गए जबकि चालक ट्रैक्टर को छोड़कर मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घायलों को उपचार के लिए डायल 112 की मदद से उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। इस मामले में उदयपुर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और चालक की तलाश चल रही है।



### आए दिन हो रही घटनाएं

सोसायटी डांडगांव से गुमगा टिपटीपा पारा तक नेशनल हाइवे की सड़क बेहद खतरनाक हो गई है और हर रोज दुर्घटना हो रही है। आबादी क्षेत्र होने के बाद भी सड़क निर्माण के बाद शाम होते ही सड़क पर अंधेरा छा जाता है जो दुर्घटना का एक बड़ा कारण बन गया है। कई बार सड़क पर स्ट्रीट लाईट लगाने कि मांग ग्राम वाशी कर चुके हैं लेकिन विभागीय अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया। वही माझापारा डांडगांव में दुर्घटना का एक कारण तिराहा होने के साथ साथ नेशनल हाईवे सड़क काफी ढलान हैं जिस कारण भी रोज आम लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। विगत दिन वर्तमान दुर्घटना से सौ मीटर दूरी पर कोयला लोड ट्रेलर घर में घुस जाने से दुर्घटना हुआ था और प्रशासन के द्वारा ग्रामीणों के मांग पर शीघ्र ब्रेकर बनाने का आश्वासन दिया गया था लेकिन एक माह बाद भी ब्रेकर नहीं बन सका। यह स्थान भीड़ भाड़ वाल जगह होने के साथ साथ हायर सेकंडरी स्कूल के साथ साथ साप्ताहिक बाजार भी है।

### सड़क पर पैदल चल रहे व्यक्ति को मारी टक्कर

**अंबिकापुर।** बीती रात सड़क पर पैदल चल रहे व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी की युवक की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि लखनपुर के वार्ड क्रमांक 5 निवासी 30 वर्षीय जियाउद्दीन अंसारी आ. कलामुद्दीन अंसारी 27 जनवरी को किसी छठी कार्यक्रम में शामिल होने गये हुए थे। रात को युवक छठी कार्यक्रम से पैदल ही ओर की ओर वापस लौट रहे थे। इस दौरान कुंवरपुर जय बजरंग ट्रेडिंग के समीप रात लगभग 10.30 बजे अज्ञात वाहन के चालक ने पैदल चल रहे व्यक्ति को टक्कर मार दी। इस घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। थाना प्रभारी लखनपुर संपत पोटाई ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द किया गया है और घटना की जांच चल रही है।

## जर्जर सड़क से मिलेगी मुक्ति, मंत्रालय ने जारी किया स्वीकृति आदेश


# अंबिकापुर-बिश्रामपुर मार्ग निर्माण के लिए 28 करोड़ की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

अंबिकापुर–बिश्रामपुर मुख्य मार्ग (एनएच-43) के मजबूतीकरण कार्य के लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 28 करोड़ 19 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। मंत्रालय द्वारा 27 जनवरी को जारी स्वीकृति आदेश में इसका उल्लेख किया गया है।

उल्लेखनीय है कि संभाग मुख्यालय अंबिकापुर को जोड़ने वाला मार्ग बारामिल जंगल करमपुर मोड़ से कालीघाट तक पिछले कई वर्षों से अत्यंत जर्जर स्थिति में था। सड़क की बदहाली को लेकर बीते तीन वर्षों से आम नागरिक लगातार शासन-प्रशासन से शिकायतें करते आ रहे थे। हर वर्ष बारिश के बाद पैच रिपेयर कर सड़क को अस्थायी रूप से आवागमन योग्य बनाया जाता था, लेकिन कुछ ही समय में सड़क की स्थिति फिर से खराब हो जाती थी। इन्हीं समस्याओं को ध्यान में रखते हुए एनएच विभाग द्वारा कुमदा करमपुर मोड़ हनुमान मंदिर से कालीघाट तक करीब साढ़े 10 किलोमीटर लंबे जर्जर राष्ट्रीय राजमार्ग के मजबूतीकरण का प्रस्ताव तैयार कर इसे अति आवश्यक कार्य बताते हुए मंत्रालय को भेजा गया था। प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए मंत्रालय ने 28 करोड़ 19 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान कर दी है। एनएच प्रशासन के अनुसार, स्वीकृति मिलने के बाद अब जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी और परिस्थितियां अनुकूल रहीं तो तीन माह के भीतर निर्माण कार्य भी प्रारंभ हो सकता है। इस परियोजना के तहत सड़क के दोनों ओर आवश्यकतानुसार नाली, पुल-पुलिया और संकेतक बोर्ड लगाए जाएंगे। प्रशासन ने बताया कि नाली व पुल-पुलिया निर्माण से सड़क की ऊंचाई बढ़ेगी, जलभराव की समस्या समाप्त होगी और सड़क की आयु भी काफी बेहतर होगी। गौरतलब है कि सड़क की जर्जर स्थिति के कारण बिश्रामपुर से अंबिकापुर की यात्रा अत्यंत कष्टदायक हो गई थी। हालात ऐसे थे कि लोग मजबूरी में ही दोपहिया या चारपहिया वाहनों से सफर करते थे। अब इस स्वीकृति के बाद संभाग मुख्यालय तक की राह आसान होने की उम्मीद जगी है। उल्लेखनीय है कि महावीर कालीघाट के आगे की सड़क का निर्माण कार्य गत वर्ष पूरा हो चुका है, वहीं हाल ही में अंबिकापुर स्टेशन से गांधी चौक तक फोरलेन सड़क निर्माण के लिए राज्य शासन द्वारा भी 61 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। ऐसे में आने वाले दिनों में इस मार्ग पर यात्रा करने वालों के लिए यह खबर निश्चित ही राहत और सुकून देने वाली साबित होगी।





**खबर संक्षेप**

## विलुप्तप्राय गिद्ध के बच्चे का रेस्क्यू, छोड़ा गया जंगल में



**प्रतापपुर।** नगर में एक दुर्लभ और विलुप्तप्राय प्रजाति के गिद्ध के बच्चे के मिलने से क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया। नगर के मनीष गुप्ता के घर में एक छोटा गिद्ध पाया गया, जो उड़ने में असमर्थ था और काफी कमजोर अवस्था में था। घर के सदस्यों ने जब गिद्ध के बच्चे को उड़ते हुए नहीं देखा तो उन्होंने इसकी सूचना तत्काल वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सावधानीपूर्वक गिद्ध के बच्चे का रेस्क्यू किया। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ कि यह गिद्ध विलुप्तप्राय प्रजाति का है, जिसे आज के समय में देख पाना बेहद दुर्लभ हो गया है। आवश्यक देखभाल के बाद गिद्ध के बच्चे को सुरक्षित रूप से जंगल में छोड़ दिया गया। गौरतलब है कि एक समय बड़ी संख्या में पाए जाने वाले गिद्ध अब लगभग दिखाई नहीं देते, ऐसे में प्रतापपुर जैसे क्षेत्र में गिद्ध के बच्चे का मिलना पर्यावरण संतुलन और जैव विविधता की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण घटना मानी जा रही है।

### निर्धारित वर्दी धारण करने के साथ ही नेम प्लेट लगाने के निर्देश

# ऑटो व ई रिक्शा चालकों को दी गई यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाये रखने सहित ऑटो एवं ई रिक्शा चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने हेतु डी आई जी एवं एसएसपी राजेश कुमार अग्रवाल रिक्शा चालकों की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

**खास बात**

- ऑटो स्टैंड में वाहन खड़े करने की समझाइश

बता दें कि शहर में ऑटो व ई रिक्शा की भरमार हो गई है। कई ऑटो चालक व ई रिक्शा बेतरतीब तरीके से वाहन चलाते है और कहीं भी वाहनों को खड़ी कर सवारी बैठाने का काम करते है जिससे शहर में यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है। इसके साथ ही ऑटो चालकों की वजह से कई बार दुर्घटनाएं भी होती है। ऐसे में ऑटो यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए एसएसपी व डीआईजी राजेश अग्रवाल ने ऑटो चालकों की बैठक लेने के निर्देश दिए थे। एसएसपी के निर्देश पर यातायात विभाग द्वारा मंगलवार को पीजी कॉलेज मैदान में ऑटो एवं ई रिक्शा चालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान यातायात प्रभारी विजय कैवर्त द्वारा सरगुजा पुलिस द्वारा वर्तमान मे जारी 37 वे सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जारी यातायात जागरूकता सम्बन्धी कार्यक्रम के बारे मे जानकारी देते हुए ऑटो एवं ई रिक्शा चालकों को यातायात के नियमो के बारे मे विस्तार से जानकारी देकर यातायात नियमो का पालन करने की समझाईस दी गई। नो पार्किंग जोन का सख़्ती से पालन कर ऑटो स्टैंड मे अपने वाहन खड़ी कर व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिए गए, ऑटो चालकों कों ऑटो चालान के समय निर्धारित वर्दी का धारण करने एवं नेम प्लेट लगाने हेतु निर्देशित किया गया, साथ ही ऑटो एवं ई रिक्शा चालकों को अपने वाहन मे वाहन चालक का नाम पता व मोबाइल नंबर की जानकारी बड़े बड़े अक्षरों मे प्रदर्शित करने हेतु निर्देश दिए गए, सभी वाहनों का यातायात शाखा मे क्रमांक दर्ज कराने की जानकारी दी गई, यातायात व्यवस्था के सुचारु संचालन मे ऑटो एवं ई रिक्शा चालकों का अहम् योगदान बताकर अपनी भूमिका निर्वहन करने की समझाईस दी गई। इस दौरान सउनि सिदयुस लकड़ा, आरक्षक हिरासाय एवं काफी संख्या मे ऑटो एवं ई रिक्शा वाहन चालक उपस्थिति रहे।



उपस्थित ऑटो रिक्शा चालक।

## स्कूल में व ग्राम पंचायत प्रांगण में फहराया झंडा



**सोनगरा।** शिवम पब्लिक स्कूल में मंडल उपाध्यक्ष शरद चन्द्र द्विवेदी द्वारा झंडा फहराया गया। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष शरद चन्द्र द्विवेदी ने कहा कि राष्ट्रीय पर्व हमें अपने कर्तव्यों की याद दिलाते हैं। देश की आजादी और संविधान के मूल्यों की रक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है। इसके पश्चात बच्चों द्वारा राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया। विद्यालय में शिक्षिका प्रीति द्वारा बच्चों को मिष्ठान एवं पुरस्कार वितरित की। कार्यक्रम में तन्नू खान, बिंदु शुक्ला, अनुराग द्विवेदी सहित जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। वहीं ग्राम पंचायत सोनगरा प्रांगण में सरपंच कृष्णा सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया। सरपंच कृष्णा सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय पर्व केवल उत्सव नहीं, बल्कि देश के प्रति हमारे दायित्वों का स्मरण कराते हैं। कार्यक्रम में शरद चन्द्र द्विवेदी, बालेश्वर सिंह, गोविंद यादव, जब बहादुर सिंह, अनुराग द्विवेदी, तन्नू खान, सुखनंदन, द्रोणाचार्य, बिंदु शुक्ला, सुमित्रा सिंह, अन्नपूर्णा सिंह, पिताम्बरी सिंह, सागर सिंह, राजेंद्र सिंह, पारस सिंह, किशुन यादव, बैंगा मुन्ना, भोलेन्द, समीर सिंह, दीना सिंह, मूलधर, रंजीत सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। इसी क्रम में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित सोनगरा में समिति अध्यक्ष भोला सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया। शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोनगरा में डॉ. संतोष सिंह एवं डॉ. मीना राजवाड़े द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसके साथ ही मिडिल स्कूल सोनगरा, हायर सेकेंडरी स्कूल सोनगरा, पशु चिकित्सालय सोनगरा, प्राथमिक शाला नवापारा, प्राथमिक शाला सोनगरा, प्राथमिक शाला कंवरपारा, वन विभाग सोनगरा, पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस तथा सोनगरा के समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों में भी ध्वज फहराया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## राजपुर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस



**राजपुर।** 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर विकासखंड में विभिन्न शासकीय एवं सार्वजनिक संस्थानों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया कर राष्ट्रीय पर्व हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर देश की एकता, अखंडता और संविधान के मूल्यों को स्मरण किया गया। राजपुर गांधी चौक में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. आरसीपी अम्बष्ट द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई एवं उपस्थित नागरिकों ने राष्ट्रगान के साथ देशभक्ति की भावना का प्रदर्शन किया। जनपद पंचायत राजपुर कार्यालय परिसर में जनपद पंचायत अध्यक्ष विनय भगत ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल, जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय दुबे, सहायक अनुविभागीय अधिकारी जानू राम सोनवानी, पंचायत निरीक्षक फुलमोहन राम सहित अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। एसडीएम कार्यालय में एसडीएम देवेंद्र प्रधान ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। वहीं तहसील कार्यालय में तहसीलदार कावेरी मुखर्जी द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। वन विभाग परिसर में उपवन मंडल अधिकारी रवि शंकर श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर संविधान की गरिमा को नमन किया। इस अवसर पर वन परिक्षेत्र अधिकारी महाजन लाल साहू सहित विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे। पुलिस थाना राजपुर में थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया जहां पुलिस जवानों ने राष्ट्रध्वज को सलामी दी।

## लांजित में हर्षोल्लास से मना 77 वां गणतंत्र दिवस



**ओड़गी।** ग्राम पंचायत लांजित में 77 वां गणतंत्र दिवस धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम में रैली निकाली गई। साथ ही सभी विद्यालयों में झंडा फहराया गया। रैली की शुरुआत महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प माला अर्पित कर की गई। कार्यक्रम के दौरान आयोजित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में लगभग 30 टीमों ने भाग लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम ने उपस्थित ग्रामवासियों एवं अतिथियों का मन मोह लिया। इस अवसर पर सरपंच धरम सिंह आयम द्वारा वर्ष 2025 में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रतिभा सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया गया।



## खबर संक्षेप

### जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन 30 को

**राजपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा 30 जनवरी को सांकेतिक चक्का जाम आयोजित किया जाएगा।



यह चक्का जाम दोपहर 12 बजे से राजपुर मंडी प्रांगण के सामने किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व देवेंद्र प्रधान, और थाना राजपुर को ज्ञापन दिया है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नीरज तिवारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार की कथित जनविरोधी नीतियों, विशेषकर धान खरीदी से जुड़े मुद्दों के विरोध में यह सांकेतिक आंदोलन किया जा रहा है। कांग्रेस का आरोप है कि धान खरीदी व्यवस्था में अव्यवस्थाओं के कारण किसान परेशान हैं और उन्हें समय पर उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। इसी के विरोध में आमजन और किसानों के सहयोग से शांतिपूर्ण ढंग से चक्का जाम किया जाएगा। कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन पूर्णतः सांकेतिक और लोकतांत्रिक तरीके से किया जाएगा, ताकि सरकार का ध्यान किसानों और आम जनता की समस्याओं की ओर आकर्षित किया जा सके।

### 45 पाव अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



**राजपुर।** पुलिस ने अवैध रूप से अंग्रेजी शराब का परिवहन करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस को मुखिर से सूचना मिली थी कि 27 जनवरी को एक मोटरसाइकिल दो लोग अवैध रूप से शराब की तस्करी कर रहे है। सूचना के बाद थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस तीम्म ने बूढ़ा बगीचा क्षेत्र में घेराबंदी कर संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोका गया। जांच के दौरान मोटरसाइकिल चालक शंकरगढ़ कमारी निवासी 28 वर्षीय शिवप्रसाद आ. अमन साय उरांव व 30 वर्षीय ओमप्रकाश दिवान आ. सुखदेव दिवान की तलाशी ली गई तो उनके पास से कुल 45 पाव अंग्रेजी शराब जब्त किया गया। जब्त किए गए शराब की कीमत लगभग 58 सौ रुपए बताई जा रही है। इसके साथ ही पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त बाइक सीजी 30 सी 1334 को भी जब्त किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह, प्रधान आरक्षक राजेंद्र ध्रुव, पवन सिंह, आरक्षक रूपेश गुप्ता, अजय शुक्ला एवं सैनिक शैलेंद्र सक्रिय रहे।

## गुणवत्ताहीन निर्माण को लेकर लोगों में आक्रोश

# बालिका छात्रावास निर्माण में भारी अनियमितता

हरिभूमि न्यूज ⏩ धौरपुर

बच्चों को छात्रावास की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो इसके लिए बालिका छात्रावास का निर्माण कराया जा रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि लाखों की लागत से बन रहे भवन में गुणवत्ता का ध्यान नहीं दिया जा रहा। आलम है कि घटिया निर्माण सामग्री के उपचार करने से भवन टिकाऊ होगा या नहीं इस पर भी सवाल उठने लगे। घटिया निर्माण को लेकर अब क्षेत्र के लोग न सिर्फ आक्रोशित है बल्कि गुणवत्ता युक्त भवन निर्माण कराने की मांग की है जिससे भवन टिकाऊ रहे।

**खास बात**
- पिलर में आने लगी दरार

लुंड्रा ब्लॉक के ग्राम धौरपुर में निर्माणाधीन गर्ल्स हॉस्टल की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। मौके पर बनाए जा रहे मुख्य पिलर और बीम की हालत बेहद खराब बताई जा रही है। निर्माण में इस्तेमाल किया गया कंक्रीट कई स्थानों पर उखड़ा हुआ दिखाई देता है, जिससे संरचना की मजबूती पर संदेह गहराता जा रहा है। बालिका छात्रावास भवन निर्माण में भारी अनियमितता बरती जा रही है। लाखों की लागत से बन रहे इस भवन में न तो निर्माण स्थल पर सूचना पटल लगाया गया है और न ही विभाग का कोई जिम्मेदार अधिकारी या इंजीनियर मौके पर मौजूद रहता है। ऐसे में ठेकेदार के न सिर्फ हौसले बुलंद है कि बल्कि ठेकेदार अपनी मनमर्जी से निर्माण कार्य करा रहा है, जिससे गंभीर वित्तीय अनियमितता और घटिया निर्माण की आशंका गहरी हो गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार इस तरह के कमजोर पिलरों पर 4 से 5 हॉस्टल कक्षों का निर्माण भी किया जा चुका है। इतना ही नहीं कमरों की दीवारों की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। नियमों के अनुसार दीवार और कंक्रीट कार्य के बाद समय पर पानी का छिड़काव अनिवार्य होता है, लेकिन यहां यह कार्य नियमित रूप से नहीं किया जा रहा है। लोगों का आरोप है कि भवन के कुछ कक्ष लगभग डोर लेवल तक हो चुका है लेकिन विभाग के जिम्मेदारी अधिकारी निर्माण की गुणवत्ता की परख करने मौके पर नहीं पहुंचे जिससे ठेकेदार द्वारा मनमानी तरीके से निर्माण कराया जा रहा है।



निर्माणाधीन छात्रावास।



गुणवत्ताहीन पिलर।

### समय पर नहीं कर रहे पानी छिड़काव

निर्माण स्थल पर मौजूद मुंशी जितेंद्र ने भी स्वीकार किया कि बीम की गुणवत्ता खराब है। निर्माणाधीन दीवारों पर 1–2 दिन के अंतराल में ही पानी डाला जा रहा है जो मानकों के विपरीत है। नियमानुसार निर्माण के दौरान इंजीनियर की मौजूदगी अनिवार्य होती है ताकि गुणवत्ता पर निगरानी रखी जा सके, लेकिन संबंधित इंजीनियर अधिकांश समय मौके से नदारद रहते हैं। इसका फायदा उठाकर मनमानी तरीके कार्य करा रहा है।

### निरीक्षण करने नहीं पहुंचे अधिकारी

बालिका छात्रावास भवन निर्माण शुरू हुए कई माह हो चुके है बावजूद इसके निरीक्षण करना मुनासिब नहीं समझे। हैरानी की बात तो यह है कि जिस जगह छात्रावास भवन का निर्माण हो रहा है वहां से महज 500 मीटर दूर तहसील कार्यालय स्थित है। कार्यालय में तहसीलदार, एसडीएम सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी नियमित रूप से मौजूद रहते है इसके बाद भी निर्माण स्थल का जायजा लेना मुनासिब नहीं समझते जिससे ठेकेदार के हौसले बुलंद है।

### कराई जाएगी जांच

बालिका छात्रावास निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं दिया जा रहा है तो इसकी जांच कराई जाएगी। जांच के पश्चात कार्रवाई की जाएगी।

-जेएस शतरंज, एसडीएम



## ग्राम पंचायत पोड़ी में ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏩ मानीचौक

ग्राम पंचायत पोड़ी में ग्रामीण प्रतिभाओं को खेल के माध्यम से आगे बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य मोना सिंह उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं खेल भावना बनाए रखने का संदेश देकर किया गया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को सकारात्मक दिशा देती हैं और छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारने का कार्य करती हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच ग्राम पोड़ी सुपर जेट्स एवं ग्राम गुमरा की टीमों के मध्य खेला गया। गुमरा की टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पोड़ी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 131 रन का विशाल लक्ष्य खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुमरा की टीम शुरुआत अच्छी नहीं रही और 84 रन बनाकर आल आउट हो गई जिससे पोड़ी सुपर जेट्स ने उद्घाटन मैच में जीत दर्ज की। आयोजन समिति के अमन राजा ने बताया कि प्रतियोगिता में आसपास के कई गांवों और अन्य जिला के कुल 16 टीमें हिस्सा लेंगी। इस दौरान उप सरपंच श्रीमती सोनकुमारी, पंच शिवनाथ सिंह, अजय सिंह, अनिल सिंह, अमन, ओमप्रकाश, अनिल देवांगन, बिकी सिंह सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### अवैध रेत उत्खनन व परिवहन करते 2 ट्रैक्टर वाहन जब्त

**बलरामपुर।** कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने जिले में खनिज के अवैध उत्खनन को रोकने के लिए उत्खनन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश एसडीएम एवं खनिज विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। जिसके तहत राजस्व टीम द्वारा अवैध उत्खनन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व वाड्रफनगर नीरनिधि नन्देहा के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा अवैध उत्खनन व परिवहन करने वालों पर कार्रवाई की गई। टीम द्वारा ग्राम कैलाशपुर में मोरान नदी में रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते पाए जाने पर 2 ट्रैक्टर वाहन को जब्त कर चौकी वाड्रफनगर को सुपुर्द किया गया।

# तिलक, शिक्षा एवं यज्ञोपवित ब्राह्मणों का श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ⏩ अम्बिकापुर

दण्डकारण्य ब्राह्मण समाज की संभाग स्तरीय बैठक रविवार को सांड़बार स्थित प्राचीन बनेश्वरी

- दण्डकारण्य ब्राह्मण समाज की बैठक, आईबी तिवारी संभागाध्यक्ष निर्वाचित, हुए विविध अनुष्ठान

मंदिर में हुई। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर चर्चा करने के साथ सर्वसम्मति से संभागाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों का चुनाव करने के साथ ही विविध धार्मिक अनुष्ठान किए गए।

बैठक के प्रारम्भ में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सत्य प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में नारायण मण्डली ने सुंदरकाण्ड का सस्वर पाठ किया। पाठ उपरांत भगवान परशुराम के फरसे की पूजा की गई। इस दौरान पुरोहितों ने रात्रि सुक्त एवं स्वस्ति वाचन के साथ एकादश पुरोहितों ने शंखनाद किया। धार्मिक अनुष्ठानों के बाद संगठन के संभागीय इकाई के निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। समाज के प्रेमशंकर द्विवेदी ने दण्डकारण्य ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष हेतु पूर्व बैंक प्रबंधक इंद्र बहादुर तिवारी का नाम प्रस्तावित किया जिसका समर्थन चंद्रशेखर तिवारी,





रविन्द्र तिवारी, सुदर्शन पाण्डेय, नीलम शर्मा, आशा पाण्डेय सहित अन्य सदस्यों ने करतलध्वनि से किया। गहिरागुरू संस्कृत महाविद्यालय सामरवार के पूर्व प्राचार्य जगदीश पाठक ने आयुष्य मंत्र का वाचन करते हुए तिलक लगाकर नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री तिवारी को अभिसिक्त किया। इस दौरान श्री पाठक ने कहा कि शिखा, सूत्र, तिलक ब्राह्मण का श्रृंगार है। ब्राह्मण को कभी भी इसका त्याग नहीं करना चाहिए साथ ही प्रतिदिन त्रिकाल संध्या के साथ गायत्री मंत्र का जप करना चाहिए। संयोजक दिनेश मिश्रा ने कहा कि दण्डकारण्य ब्राह्मण समाज जंगल, गांव एवं नगरीय क्षेत्र में निवासरत विप्रों का सगम है। हमें रायगढ़, जशपुर से मनेन्द्रगढ़ तक जाना है तथा सभी विप्रो को एकसूत्र में पिरोना है। भगवान राम ने उत्तर अयोध्या को परिष्कृत करते हुए दक्षिण में लंका को ठिक किया। हम भी भगवान राम की वंदना करते हुए बलरामपुर बस्तर तक जाएंगे। हम सभी को पूरी जिम्मेदारी के साथ सरगुजा संभाग भर में काम करने की जरूरत है और यही वर्तमान समय की मांग है। बैठक को रविन्द्र तिवारी, डॉ. सुदामा मिश्र, श्रीमती नीलम शर्मा ने भी संबोधित किया। नवनिर्वाचित संभागाध्यक्ष आईबी तिवारी ने कहा कि दण्डकारण्य ब्राह्मण समाज का उद्देश्य विप्र समाज को संगठित कर उनके हितों की रक्षा करना है। हम आपसी सामंजस्य से नई पीढ़ी में संस्कार गढ़ने एवं समाज से दूर हुए लोगों को जोड़ने का निरंतर प्रयास करेंगे। समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर कर सामाजिक समरस्ता और एकता का उदाहरण प्रस्तुत करने वाली संगठन का निर्माण किया जाएगा। लखनपुर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम केवरा निवासी श्रीमती निर्मला एवं कटईपारा निवासी श्रीमती कंचन का स्व-रोजगार स्थापित करने सिलाई मशीन एवं मिक्सर ग्राइण्डर प्रदान किया गया। सामूहिक श्रीजन उपरांत बैठक का समापन किया गया। बैठक में राधेश्याम पाण्डेय, देवेन्द्र दुबे, जीवित नारायण दुबे, बच्चु तिवारी सहित रायगढ़, सूरजपुर, मैनपाठ, लखनपुर के बड़ी संख्या में पुरूष, महिला सदस्य उपस्थित थे।

## जनहित की खबर बनी विवाद की वजह, पत्रकार को जान से मारने की धमकी

**भैयाथान/ सलका अघिना।** जनहित में समाचार प्रकाशित करना एक निजी चैनल के पत्रकार को उस समय भारी पड़ गया, जब समाचार से नाराज़ एक व्यक्ति ने पत्रकार को जान से मारने की धमकी दे दी। मामला भैयाथान थाना क्षेत्र का है, जहां पीड़ित पत्रकार ने समस्त पत्रकार साथियों के साथ थाने में एफआईआर दर्ज कराने हेतु लिखित आवेदन सौंपा। जानकारी के अनुसार गणतंत्र दिवस को आंगनबाड़ी केंद्र झिलमिली (ब) में राष्ट्रीय ध्वज नहीं फहराने की सूचना स्थानीय लोगों द्वारा दी गई। जिस पर निजी चैनल के पत्रकार ने मौके पर पहुंचकर वस्तुस्थिति से अवगत होने के पश्चात तथ्यों के आधार पर जनहित समाचार का प्रकाशन किया। समाचार प्रकाशित होने के अगले दिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पुत्र गौतम यादव द्वारा पत्रकार के पास पहुंचकर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद पीड़ित पत्रकार ने समस्त पत्रकारों की उपस्थिति में थाना भैयाथान पहुंचकर लिखित आवेदन दिया और आरोपी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी भैयाथान नसीमुद्दीन अंसारी ने बताया कि प्रकरण की निष्पक्ष जांच की जा रही है और जांच के उपरांत जो भी दोषियों के विरूद्ध उचित कार्रवाई की जाएगी। इधर पत्रकार की शिकायत के आधार पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने भी प्रकरण पर संज्ञान लेते हुए शिक्षक गौतम कुमार यादव को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। संबंधित शिक्षक को दो दिवस के भीतर स्वयं उपस्थित होकर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।



### न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. /ब-121/2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चन्दूराम पोपटानी पिता हरदास मल पोपटानी निवासी गुरूनानक वार्ड अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा ग्राम अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 4415/5, 4416/2 कुल रकबा 0.032 हे. में से रकबा 0.008 हे. भूमि को अनावेदक राजेन्द्र कुमार माथुर पिता रमाप्रसाद माथुर निवासी मिशन चौक अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के पास अंकन राशि रूपये 10,00,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 25.02.2026 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक-27/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

तहसीलदार
अम्बिकापुर, सरगुजा

### Name Change

I PRITHVI HATH SAW S/O TAPESHWARI SAW RESIDENT OF Prithvi Nath Saw House No. 151/B, Infront of Maya Women Hostel, Namnakala, Ambikapur, Surguja (C.G)

Hereby declare that have changed my name From PRITHVI HATH SAW S/o TAPESHWARI SAW to PRITHVI NATH SAW S/o TAPESHWARI SAW in all the Government approved identity Proofs to be used for various purposes in the future.

Deponent
PRITHVI NATH SAW
Address:- Prithvi Nath Saw
House No. 151/B, Infront of Maya Women Hostel, Namnakala, Ambikapur, Surguja (C.G)

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.अभिजीत कुमार कोहाट MD,DM,(Neurology)
पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ.भाविक शाह डी.एन.बी.(मेडिसीन)डी.ए.बी. (गैस्ट्रो) एम.आर.सी.पी. एस.सी.ई (गैस्ट्रो)
श्वस,छाती,एलर्जी एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ डॉ.रोशन वर्मा MD,(T.B.,& Respiratory Diseaseas)
सुप्रसिद्ध किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ.आर.के.साहू MD,DM (Nephrology)
सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ न्यूरोसर्जन डॉ.नीरज प्रसाद MS,MCH,Neurosurgery
सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.गौरव त्रिपाठी M.D.,D.M.,Cardiology
सुप्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.प्रतीक धाबलिया MS Ortho,MRCS Joint Replacement and Trauma Surgeon
सुप्रसिद्ध रक्त रोग विशेषज्ञ डॉ.विकाश गोयल MD.Med. DM Haematology
डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल,द्वय
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
ब्रेन एवं स्पाईन सर्जन,एण्डोस्कोपिक न्यूरो सर्जन डॉ.देवान्श मिश्रा MBBS,MS (General Surgery) M.Ch. (Neurosurgery)
25 जनवरी 2026, माह के चौथे रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें 07774222555,9425583780,9826183780, 8224007799,8718003300,6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 03 जनवरी, 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 24 जनवरी, 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

सरगुजा मार्केट

TOP IN SURGUJA

आपके शहर अम्बिकापुर में सुप्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.प्रज्ञा ओझा
MBBS, DGO (OBS & GYN)
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALTY HOSPITAL
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
स्त्री रोग से संबंधित सभी समस्याएं व उपचार
गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
प्रसूति (नार्मल व सिजेरियन) बांझपन का जाँच एवं ऑपरेशन
बच्चेदानी निकालने का ऑपरेशन (चीरा रहित एवं दूरबीन पद्धति द्वारा)
मोनोपॉज (रजोनिवृत्ति संबंधित बीमारियों का इलाज)
मासिक संबंधित बीमारियों का इलाज
स्तन की गाठ, कैंसर का ऑपरेशन
बच्चेदानी के कैंसर का ईलाज

आप परेशान क्यों हैं?
बारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
बीमारियों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समय:- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
मो. 9753266386

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शासकीय स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 01 फरवरी, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल 10 बजे से 2 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर 12 बजे से 1 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल 3 बजे से 7 बजे तक

प्रसिद्ध मनोरोग, नशा मुक्ति व सेक्सोलॉजिस्ट विशेषज्ञ
आपके शहर अंबिकापुर में उपलब्ध
डॉ. निशांत कुमार साहू
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मनोरोग) मद्रास मेडिकल कॉलेज (चेन्नई)
मनोरोग, नशामुक्ति व सेक्सोलॉजिस्ट विशेषज्ञ
उपलब्ध उपचार — माह के प्रथम रविवार 01 फरवरी को अंबिकापुर में उपलब्ध
उदासी, चिन्ता, घबराहट, डर, चिड़चिड़ापन, गुस्सा, निंद की कमी, उन्माद, आत्महत्या के विचार, पागलपन, अजीब अभास या सोच, शक करना, किसी काम में मन न लगना, सिरदर्द, असामान्य दर्द, मिर्गी या झटका, बच्चों में चंचलता, बच्चों एवं बुजुर्गों में याददास्त की कमी, मंदबुद्धि, सेक्स समस्या, शराब एवं अन्य नशें की लत।
एस.आर.एस. हॉस्पिटल, जिला हॉस्पिटल रोड, अंबिकापुर 7987779819, 7880289133

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइराइड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ.संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 08 फरवरी 2026, दिन - रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
सम्पर्क करें - 7587722255

डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल, अंबिकापुर में
02 फरवरी, 2026 (Time : 9Am to 4PM)
बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
अपनी सेवाएं देंगे
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच
डॉ. रौनक कलवानी
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
Multispeciality Surgical Hospital

डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड से इलाज की सुविधा
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ एवं अनुभवी कैंसर रोग विशेषज्ञ
शनिवार को अंबिकापुर में उपलब्ध
डॉ. विकास अग्रवाल
14 फरवरी, 2026 दिन शनिवार
समय: सुबह 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक
Call us: 7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital) 7240802000

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

**खबर संक्षेप**

## राष्ट्रीय हैंडबॉल में मनेन्द्रगढ़ का परचम



**मनेन्द्रगढ़।** मनेन्द्रगढ़ के लिए यह क्षण गर्व और गौरव से भरा हुआ है। शासकीय बालक क्रीड़ा परिसर मनेन्द्रगढ़ में अध्ययनरत होनहार छात्र आशीष कुमार सिंह ने राष्टीय हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर जिले और संस्थान का नाम रोशन किया है। राष्टीय खेल प्रतियोगिता हैंडबॉल का आयोजन गुजरात के सोमनाथ में 30 जनवरी तक किया जा रहा है, जिसमें आशीष कुमार सिंह, पिता सूरज सिंह, राष्टीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। उल्लेखनीय है कि शासकीय बालक क्रीड़ा परिसर में वर्ष 2023 से हैंडबॉल का नियमित और सघन प्रशिक्षण प्रशिक्षक श्रीमती मीना प्रजापति के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। उनके समर्पित प्रयासों, अनुशासित प्रशिक्षण और सतत मेहनत के परिणामस्वरूप विद्यार्थियों ने बीते वर्षों में राज्य स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर अपनी सशक्त पहचान बनाई है। पिछले तीन वर्षों में क्रीड़ा परिसर के कई छात्रों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में सहभागिता कर उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। सत्र 2025-26 में आशीष कुमार सिंह का राष्टीय हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन होना इस निरंतर प्रशिक्षण, कठिन परिश्रम और खेल के प्रति समर्पण का प्रत्यक्ष प्रमाण है। यह उपलब्धि न केवल आशीष की व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि पूरे क्रीड़ा परिसर, प्रशिक्षकों और जिले के लिए प्रेरणास्त्रोत भी है।

## श्री राधा कृष्ण मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 5 को

**बैकुण्ठपुर।** शहर के स्थानीय प्रेमाबाग मंदिर परिसर में नव निर्मित श्री राधा कृष्ण मंदिर में श्री राधा कृष्ण की प्रतिकृति की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम आगामी दिनों संपन्न कराने की तैयारियां चल रही है। जानकारी के अनुसार उक्त कार्यक्रम के तहत 5 फरवरी को पूर्वान्ह 11 बजे प्रेमाबाग मंदिर परिसर से विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी। दूसरे दिन 6 फरवरी को मिष्ठाधिवास व अन्य कार्यक्रम संपन्न की जाएगी और तीसरे दिन 7 फरवरी को नव निर्मित मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी और हवन आरती कार्यक्रम के बाद भोग भंडारा कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। इसी दिन संध्या में भजन संगीत कार्यक्रम रात्रि 7:30 बजे आयोजित की जाएगी। जानकारी के अनुसार उक्त प्राण प्रतिष्ठा का संपूर्ण कार्य यज्ञाचार्य श्री-श्री हेरम्ब कृष्ण शास्त्री सोनू महाराज के सानिध्य में संपन्न होगा।

## अपर कलेक्टर ने आमजन की सुनी समस्याएं

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन में कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में अपर कलेक्टर विनायक शर्मा एवं श्रीमती नम्रता डोंगरे ने जिले के ग्रामीण एवं शहरी अंचलों से आए आम नागरिकों की समस्याएं गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुनीं। जनदर्शन के दौरान नागरिकों ने अपनी छोटी-बड़ी व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याएं सीधे प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत कीं। अपर कलेक्टर ने जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक आवेदन का नियमानुसार परीक्षण कर प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अनावश्यक भटकाव से राहत मिल सके। इस जनदर्शन में कुल 28 आवेदन प्राप्त हुए।

### सैकड़ों ग्रामीण व्यक्त किए अपनी पीड़ा विधायक से, कलेक्टर को भी सौंपे ज्ञापन

# चेर-धौराटिकुरा को नपा से अलग करने की मांग



विधायक से मिलते ग्रामीण।



कलेक्टर कार्यालय पहुंचे ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर से ग्राम चेर और धौराटिकुरा को अलग करने की मांग को लेकर काफी संख्या में ग्रामवासियों ने बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े और कलेक्टर कोरिया से मिलकर लिखित आवेदन प्रस्तुत कर चेर एवं धौराटिकरा को नपा बैकुंठपुर से अलग करने की मांग रखी।

ग्रामीणों ने विधायक श्री राजवाड़े को बताया कि वे नगर पालिका में नहीं रहना चाहते हैं और अपनी पहचान ग्रामीण के रूप में बनाए रखना चाहते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि चेर एवं धौराटिकुरा के निवासी अपनी आजीविका मुख्यतः कृषि पर निर्भर रखते हैं तथा पशुपालन भी करते हैं, इसके बावजूद इन पर नगर पालिका का टैक्स बोझ लग रहा है, जिससे उनकी मुश्किलें बढ़ रही हैं। उन्होंने अपील किया कि उनका क्षेत्र नगर पालिका से पृथक कर वापस ग्राम पंचायत के अंतर्गत रखा जाए, जिससे उन्हें ग्राम पंचायत के लाभ मिल सकें और टैक्स का बोझ न उठाना पड़े। विधायक श्री राजवाडे ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि उनकी मांग को वे संबंधित विभाग तथा सरकार तक रखेंगे।

उन्होंने कलेक्टर को भी आगे की कार्रवाई के लिए मांग पत्र भेज दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ वर्ष पूर्व धौराटिकुरा तथा चेर को अन्य गांवों के साथ नगर पालिका बैकुंठपुर में शामिल कर दिया गया था, लेकिन बाद में अन्य गांवों को अलग कर दिया गया, जबकि चेर एवं धौराटिकुरा अभी भी नगर पालिका में ही बने हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम चेर व धौराटिकरा को भी नगर पालिका बैकुंठपुर से पृथक किया जाए, ताकि हम ग्रामीणों को ग्राम पंचायत का लाभ मिल सके और नगर पालिका के विभिन्न तरह के टैक्स से बचे रहे। ग्रामीणों ने विधायक श्री राजवाड़े को दी गई अपनी मांग की शिकायत प्रभारी मंत्री कोरिया एवं नगरीय प्रशासन मंत्री के अलावा कोरिया कलेक्टर को भी प्रेषित की है।

**दोनों क्षेत्र में किसान परिवार अधिक**

विधायक भईयालाल राजवाड़े को दिए अपने आवेदन में धौराटिकरा व चेर के लोगों के संयुक्त हस्ताक्षर से दिए आवेदन में उल्लेख किया गया है कि दोनों क्षेत्र में ज्यादातर परिवार किसानी कार्य करते हुए कृषि कार्य उनका मुख्य है और आय का स्त्रोत भी कृषि के अलावा दूसरा नहीं है। नगर पालिका में जुड़ने से उन्हें विभिन्न तरह के टैक्स अदा करना पड़ रहा है और पंचायती राज व्यवस्था का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

# छेड़छाड़ के आरोपी का पुलिस ने निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर के प्रतीक्षा बस स्टैंड के समीप मुख्य मार्ग किनारे बीते दिवस एक युवती से छेड़छाड़ करने के मामले में पीड़िता ने आरोपी निजी वाहन चालक के विरूद्ध पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। भीड़-भाड़ वाले स्थल पर युवती से हुई छेड़खानी के मामले को पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

मिली जानकारी के अनुसार एक युवती ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि प्रतीक्षा बस स्टैंड के पास मुख्यमार्ग किनारे किराए के लिए निजी वाहन खड़ी की जाती है, वहीं पर एक निजी वाहन चालक अरशद ने उसके साथ छेड़छाड़ किया। शिकायत दर्ज होने के बाद कोरिया एसपी रवि कुर्रे के निर्देश पर सिटी कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोप अरशद को बुधवार को गिरफ्तार कर सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपी का जुलूस निकाल कर न्यायालय में ले जाया गया। इस दौरान आरोपी ने यह नारा लगाते हुए चलता रहा कि अपराध करना पाप है पुलिस हमारा बाप है, इस दौरान पुलिस की घेराबंदी रही। दूसरी ओर आरोपी को सड़क पर लोग ठहर कर देखते रहे। उल्लेखनीय है कि शहर के भीड़-भाड़ वाले जगह पर युवती के साथ हुई छेड़खानी का मामला सोशल मीडिया में वायरल कर दी गई थी, इस पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। वहीं इस घटना को लेकर लोगों में भी आक्रोश देखा जा रहा था।

■ **प्रतीक्षा बस स्टैण्ड में हुए घटना पर युवती ने दर्ज कराई थी शिकायत**



आरोपी का निकला जुलूस।


प्रतीक्षा बस स्टैण्ड में युवती से छेड़छाड़, कार्रवाई की मांग

28 जनवरी को हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

**नपा प्रशासन से पहल की मांग**



## जूनापारा में सड़क पर बह रहा गंदा पानी

**बैकुण्ठपुर।** नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर के वार्ड क्रमांक 20 जूनापारा में सड़क पर गंदा पानी बह रहा है, इसके बीच से होकर लोगों को प्रतिदिन आवागमन करना पड़ता है, जिसे लेकर लोगों में नाराजगी है। जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 20 जूनापारा के प्रमुख मार्ग पर नाली निर्माण कार्य नहीं होने के कारण एक स्थान पर घर का गंदा पानी सड़क पर बहता रहता है, इसके चलते इस मार्ग पर आवागमन करने वाले लोगों को गंदे पानी के बीच से होकर आवागमन करना पड़ता है, इसे लेकर वार्ड के लोगों में गहरी नाराजगी है। वहीं इसके अलावा सड़क पर गड्ढे भी बन गए हैं, जिसमें घर का गंदा पानी भर जाता है। इस जगह पर वाहन चालकों को भी परेशानी होती है। वहीं पैदल आवागम करने वाले लोगों को गंदे पानी के बीच से होकर सड़क पर आवागमन करना पड़ रहा है। वार्डवासियों ने मांग की है कि उनके वार्ड में नाली निर्माण कार्य कराया जाए, ताकि घर का गंदा पानी सड़क पर न बहे। वार्डवासियों का कहना है कि बरसात के दौरान तो ओर भी ज्यादा स्थिति खराब रहती है यदि नाली निर्माण हो जाता है तो इस तरह की समस्या से उन्हें छुटकारा मिल जाएगा।

# 8 दुकानों से 1600 रूपए वसूले

### स्कूलों के 100 गज दायरे में तंबाकू विक्रय पर प्रशासन सख्त



**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग तथा खाद्य एवं औषधि प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा एमसीबी जिले में तंबाकू नियंत्रण को लेकर सख्त प्रवर्तन कार्रवाई की गई।

इस अभियान के तहत खोंगापानी, झगराखांड एवं लेदरी क्षेत्र में कोटपा अधिनियम के अंतर्गत निरीक्षण किया गया। संयुक्त टीम द्वारा शास्त्री स्कूल खोंगापानी, सिंधी सोसायटी स्कूल झगराखांड तथा शासकीय प्राथमिक शाला लेदरी के आसपास 100 गज के दायरे में संचालित किराना दुकानों, चाय ठेलों, पान दुकानों एवं अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कई दुकानों पर खुलेआम तंबाकू युक्त पदार्थों का विक्रय करते पाया गया, जो कानूनन अपराध है। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कोटपा अधिनियम 2003 की संबंधित धाराओं के अंतर्गत 8 पान ठेले, रेस्टोरेंट, किराना स्टोर, गुमटियां, होटल एवं चाय दुकानों के विरूद्ध चालानी कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल 1600 रूपए का जुमार्ना अधिरोपित किया गया तथा संबंधित विक्रेताओं को कड़ी चेतावनी दी गई कि भविष्य में स्कूल परिसर एवं उसके 100 गज दायरे में तंबाकू, सिगरेट एवं अन्य नशीले पदार्थों का विक्रय किसी भी स्थिति में न करें। निरीक्षण के दौरान शासकीय प्राथमिक विद्यालय पुरानी लेदरी में धूम्रपान मुक्त शिक्षण संस्थान से संबंधित सूचना बोर्ड एवं विद्यालय के 100 गज दायरे में तंबाकू उत्पादों के विक्रय को कानूनी अपराध घोषित करने वाले बोर्ड नहीं पाए जाने पर विद्यालय प्रबंधन एवं प्रधान पाठक को तत्काल आवश्यक सूचना बोर्ड लगाने के निर्देश प्रवर्तन दल द्वारा दिए गए। इस प्रवर्तन कार्रवाई में कोटपा नोडल अधिकारी डॉ. कीर्ति चौहान स्वास्थ्य विभाग से, खाद्य एवं औषधि प्रशासन की ओर से औषधि निरीक्षक विकास लकड़ा एवं आलोक मिंज, साथ ही झगराखांड थाना प्रभारी एवं पुलिस बल की सक्रिय उपस्थिति रही। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि बच्चों एवं युवाओं के स्वास्थ्य से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और आगे भी इस तरह की सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# बाल विवाह मुक्त कोरिया बनाने जिला स्तरीय कार्यशाला




**बैकुण्ठपुर।** जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के उद्देश्य से जिला पंचायत के मंथन कक्ष बैकुंठपुर में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में विभिन्न विभागों के अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि, समाजसेवी, व्यापारी वर्ग एवं अन्य गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की।

कार्यशाला में बाल विवाह की रोकथाम के लिए प्रभावी उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा का स्थायी समाधान तभी संभव है, जब प्रशासन और समाज मिलकर इसके विरूद्ध ठोस कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि गांव-गांव में बाल विवाह के दुष्प्रभावों की जानकारी देना अत्यंत आवश्यक है, ताकि समाज स्वयं इस कुप्रथा को रोकने के लिए आगे आए। कलेक्टर ने विवाह आयोजनों में सहयोग करने वाले कैटरिंग, बैंड, पंडित, टेंट एवं अन्य सेवा प्रदाताओं से अपील की कि यदि उन्हें कहीं बाल विवाह की जानकारी मिले, तो तत्काल प्रशासन को सूचित करें। उन्होंने सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से बच्चों एवं अभिभावकों को जागरूक एवं प्रेरित करने का आह्वान किया, ताकि बाल विवाह की घटनाओं को समय रहते रोका जा सके।

# नगर पालिका परिषद का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया घेराव

**मनेन्द्रगढ़।** नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ में भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताएं का आरोप तथा कर्मचारियों के वेतन भुगतान में देरी और पारदर्शिता की कमी के विरोध में कांग्रेस ने नगर पालिका कार्यालय का घेराव किया। कार्यक्रम की शुरूआत पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई, इसके बाद पैदल रैली निकालते हुए कांग्रेसजन कार्यालय पहुंचे और कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा सरकार के संरक्षण में नगर पालिका परिषद में पार्षद निधि, अधोसंरचना निधि और वित्त आयोग की राशि का दुरुपयोग हो रहा है। उन्होंने कलेक्टर से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ मिश्रा ने आरोप लगाया कि सामान्य सभा में प्रस्तावों में हेराफेरी, कर्मचारियों के वेतन भुगतान में देरी और नगर पालिका का निजी स्वार्थ के तहत संचालन जनता के हित के खिलाफ है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। युवा कांग्रेस नेत्री श्रीमती पूनम सिंह ने कहा कि नगर पालिका परिषद में पारदर्शिता पूरी तरह समाप्त हो चुकी है और जनता के हक की रक्षा करना हमारा प्राथमिक कर्तव्य है। पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राजेश शर्मा ने कहा कि भ्रष्टाचार और हेराफेरी पर कांग्रेस निरंतर कार्रवाई करेगी। वहीं पार्षद अनिल प्रजापति ने आरोप लगाया कि नगर पालिका परिषद में कांग्रेस पार्षदों के साथ भेदभाव पूर्वक व्यवहार किया जा रहा है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जनता के अधिकार और कर्मचारियों के हित की रक्षा के लिए संघर्ष लगातार जारी रहेगा।




## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम



बैकुण्ठपुर। पुलिस प्रशासन एवं यातायात विभाग द्वारा 1 से 31 जनवरी तक राष्टीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जिलेभर में जागरूकता संबंधी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुंठपुर के सभागार में सड़क सुरक्षा, साइबर क्राइम एवं डिजिटल फ्रॉड विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक रविकुमार कुर्रे रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. एमसी हिमधर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुरेशा चैबे एवं उप पुलिस अधीक्षक श्याम मधुकर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। अतिथियों के स्वागत पश्चात प्राचार्य द्वारा स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया गया।

# अवैध शराब का कारोबार विभाग पर उठे सवाल

**मनेन्द्रगढ़।** शहर में अवैध शराब का कारोबार लगातार बढ़ रहा है और हालात यह हैं कि शहर के अधिकांश होटलों में शराब प्रेमी खुलेआम जाम छलकते हुए देखे जा सकते हैं। यह स्थिति जिले में आबकारी विभाग की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। जानकारी के अनुसार मनेन्द्रगढ़ से लगभग 7 किमी दूर मध्य प्रदेश की सीमाओं से ही शराब मनेन्द्रगढ़ के होटलों तक पहुंचाई जा रही है।

विशेष रूप से मध्यप्रदेश के बिजुरी, कोतमा, राजनगर और डोला में संचालित दुकानों से शराब भारी मात्रा में मनेन्द्रगढ़ के शराब विक्रेताओं द्वारा मंगाई जा रही है। सीमावर्ती क्षेत्र से सस्ती शराब की तस्करी होने के कारण स्थानीय दुकानदारों और होटलों को काफी लाभ हो रहा है। स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों का कहना है कि जिले में कई बार आबकारी विभाग और पुलिस अधिकारियों ने यह स्पष्ट किया है कि जिला मुख्यालय और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शराब की अवैध बिक्री कतई नहीं होने दी जाएगी। बावजूद इसके अवैध शराब का कारोबार खुलेआम जारी है। यह स्थिति यह संकेत देती है कि किसी न किसी स्तर पर मिलीभगत और अनदेखी की गई है। विशेषज्ञों और नागरिकों का मानना है कि शहर में अवैध शराब के इस स्तर तक फैलने के पीछे प्रशासनिक उदासीनता और निगरानी की कमी प्रमुख कारण हैं। होटलों और शराब विक्रेताओं द्वारा नियमों को ताक पर रखकर व्यापार करना यह दर्शाता है कि विभाग और पुलिस व्यवस्था पर कड़ी नजर रखने में विफल रहे हैं। स्थानीय प्रशासन को चाहिए कि वह इस मामले में कड़ा एक्शन ले और सख्त जांच कराए। साथ ही शराब की अवैध बिक्री को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में कानून का पालन सुनिश्चित हो सके। शहरवासियों का कहना है कि जब तक विभाग और पुलिस अपना दायित्व गंभीरता से नहीं निभाएंगे, तब तक अवैध शराब का कारोबार इसी तरह फलता-फूलता रहेगा। इस संबंध में जब एडीपीओ शशि कला से चर्चा की तो उन्होंने कहा कि वह लगातार इस मामले में जांच कर रही है और जहां कहीं भी उन्हें अवैध शराब बिक्री की शिकायत मिलेगी वह तत्काल कार्रवाई करेंगे।

### समर्थन मूल्य पर 11.20 लाख क्विंटल धान की खरीदी, 43 करोड़ की ऋण वसूली

# 19 हजार से अधिक किसानों के खातों में 265 करोड़ रूपए अंतरित



धान खरीदी केन्द्र।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले में चालू खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत धान उपार्जन कार्य लगातार प्रगति पर है। 15 नवंबर से 25 जनवरी तक की स्थिति के अनुसार समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने वाले 19,179 किसानों के खातों में 265 करोड़ रूपए की राशि अंतरित की जा चुकी है।

जिले में कुल 23,265 किसान पंजीकृत हैं। अब तक उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 11,19,498.80 क्विंटल (लगभग 11.20 लाख क्विंटल) धान की खरीदी की जा चुकी है। साथ ही 5,13,252 क्विंटल धान का उठाव भी किया गया है। धान विक्रय की प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए 13,206 किसानों ने स्वयं ऑनलाइन टोकन जारी किया, जबकि 5,973 किसानों को समितियों के माध्यम से टोकन प्रदान किए गए। रकबा समर्पण के अंतर्गत 13,679 किसानों द्वारा 2,178.05 हेक्टेयर क्षेत्र का समर्पण किया गया है। प्रशासन द्वारा अनियमितताओं पर सख्ती बरतते हुए अब तक 2,864.80 क्विंटल धान जब्त किया गया है। वहीं कृषकों को वितरित कृषि ऋण के विरूद्ध 42.89 करोड़ रूपए की वसूली भी की जा चुकी है।

जिला प्रशासन द्वारा शेष धान खरीदी दिवस में समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए उपार्जन कार्य को निरंतर जारी रखा गया है तथा किसानों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
शकुंतला सिंह
विधायक, प्रतापपुर
मुकेश तायल
भाजपा मण्डल अध्यक्ष प्रतापपुर
विनीत - भाजपा मण्डल प्रतापपुर, जिला- सूरजपुर
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
विजय कुमार मिश्रा
ठेकेदार
छ.ग.शासन, विभाग - विश्रामपुर
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
विद्यासागर सिंह
वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं पूर्व अध्यक्ष
माँ महामाया शक्कर कारखाना
प्रतापपुर, जिला – सूरजपुर
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
विकास जायसवाल
आदिवासी सेवा सहकारी समिति
टुकुडांड, प्रतापपपुर
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
संकलनकर्ता
समलेश गुप्ता
हरिभूमि प्रतिनिधि - प्रतापपुर
मो.- 9669981890
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
मानती योगेन्द्र सिंह
अध्यक्ष
नगर पंचायत प्रतापपुर
अजित शरण सिंह
उपाध्यक्ष
नगर पंचायत प्रतापपुर
एवं समस्त पार्षदगण न.पं. प्रतापपुर, जिला - सूरजपुर
यूजीफ्रिया एक्का
सी.एम.ओ.
नगर पंचायत प्रतापपुर
एवं समस्त स्टाफगण नगर पंचायत, प्रतापपुर जिला - सूरजपुर
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
डॉ. अजित दिवान
बी.एम.ओ.
स्वास्थ्य अधिकारी प्रतापपुर
जिला - सूरजपुर
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
आकाश दीप पात्रे
एम.डी. महामाया शक्कर कारखाना
प्रतापपुर
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
रंजय सिंह
भाजपा मण्डल संयोजक
प्रतापपुर
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
अनिल तिवारी
सी.ओ.
जनपद पंचायत प्रतापपुर, जिला सूरजपुर
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
सोमार साय
सरपंच
कमल सिंह
सचिव
बाबूनाथ
सचिव
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
अशोक सोनी
आदिम जाति सेवा सहकारी समिति
गोविंदपुर, प्रतापपुर, जिला सूरजपुर
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
अमित कौशिक
थाना प्रभारी, प्रतापपुर
जिला - सूरजपुर
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
मनोज सिंह
थाना प्रभारी, चंदौरा
जिला - सूरजपुर
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
कृष्णा सिंह
चौकी प्रभारी - रेवटी, प्रतापपुर
जिला - सूरजपुर
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
शिव शंकर यादव
वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी
प्रतापपुर, जिला - सूरजपुर
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
रामकलाई चौबे
आदिम जाति सेवा समिति, कोटेया
श्रीमद् भागवत कथा
कथा 28 जनवरी से 04 फरवरी 2026
दोपहर 2:30 बजे से सायं 6 बजे तक
मुख्य यजमान
श्री छोटेलाल जायसवाल
श्रीमती कौशल्या जायसवाल
रम्भा जायसवाल
कथा प्रवक्ता
अचार्य सतानन्द जी महाराज
श्री धाम वृन्दावन (मथुरा)
श्री अम्बिका जायसवाल
रूचि जायसवाल
अधिक से अधिक संख्या में सभी श्रद्धालु कथा में शामिल हों
रेखा जायसवाल
श्री राजेश जायसवाल
ज्योति जायसवाल
कथा स्थल : स्टेडियम ग्राउण्ड
बस स्टैण्ड, प्रतापपुर, जिला - सूरजपुर (छ.ग.)
निवेदक : समस्त जायसवाल परिवार
संपर्क सूत्र : 9977942122, 9977001495
भंडारा
4 फरवरी 2026 तक
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
वासुदेव माझी
वरिष्ठ भाजपा नेता
प्रतापपुर
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
सुरेश आयाम
जिला पंचायत सदस्य
प्रतापपुर
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
देवमनी सिंह
अधिक्षीका
कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय
प्रतापपुर
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
बलदेव सिंह
आदिम जाति सेवा सहकारी समिति
प्रतापपुर
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
राजकुमारी
शिव भजन मरावी
पूर्व अध्यक्ष
जि.पं.सूरजपुर
शिव भजन सिंह मरावी
प्रदेश महामंत्री
एवं जिला उपाध्यक्ष
कांग्रेस कमेटी सूरजपुर
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
विनोद मलिक
ठेकेदार- A-5
अम्बिकापुर/प्रतापपुर
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
राजेश गुप्ता
अध्यक्ष
व्यापारी संघ प्रतापपुर एवं समाज सेवक
धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम
आयोजनकर्ता व वरिष्ठ पत्रकार
समलेश गुप्ता
राजघराना मोबाईल शो–रूम, होटल राजघराना इन
एसी लॉज एवं मैरिज हॉल (शादी घर)
सर्वसुविधायुक्त
प्रतापपुर, जिला सूरजपुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### सरगुजा ओलम्पिक के तहत विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिताएं आज से

**राजपुर।** विकासखंड अंतर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों और युवाओं को खेल प्रतिभा निखारने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से सरगुजा ओलंपिक 2026 का आयोजन किया जा रहा है। एसडीएम देवेन्द्र प्रधान द्वारा प्रतियोगिताओं की तिथियों एवं आयोजन स्थलों की विस्तृत जानकारी जारी की गई है। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ 29 जनवरी से होगा। 29 जनवरी को एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इनमें 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़, 4×400 मीटर रिले, तवा फेंक, गोला फेंक, भाला फेंक एवं तीरंदाजी शामिल हैं। इन प्रतियोगिताओं का आयोजन कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में होगा जबकि उंची कूद एवं लंबी कूद प्रतियोगिता बालक हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित की जाएगी। 30 जनवरी को बालक हायर सेकेंडरी स्कूल में टीम खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी, जिनमें कबड्डी, खो-खो एवं वॉलीबॉल (सीनियर पुरुष वर्ग) शामिल हैं। वहीं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में वॉलीबॉल जूनियर पुरुष एवं जूनियर/सीनियर महिला वर्ग की प्रतियोगिता होगी। इसके पश्चात 31 जनवरी से 3 फरवरी तक फुटबॉल, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, रस्साकशी एवं कराटे जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। फुटबॉल सीनियर पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता हायर सेकेंडरी स्कूल बालक राजपुर में तथा महिला एवं जूनियर वर्ग की प्रतियोगिता कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय राजपुर में आयोजित होगी। बैडमिंटन (पुरुष) प्रतियोगिता कॉलेज ग्राउंड राजपुर में, जबकि बैडमिंटन (महिला) एवं बास्केटबॉल प्रतियोगिता स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय ग्राउंड राजपुर में आयोजित की जाएगी। रस्साकशी (महिला) एवं कराटे प्रतियोगिता हायर सेकेंडरी स्कूल बालक राजपुर में संपन्न होंगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए केवल ऑनलाइन पंजीकृत प्रतिभागी ही पात्र होंगे। प्रतिभागियों को विद्यालय परिचय पत्र अथवा आधार कार्ड साथ लाना अनिवार्य होगा। सभी खिलाड़ियों को प्रातः 9 बजे रिपोर्टिंग के साथ निर्धारित समय से कम से कम 20 मिनट पूर्व आयोजन स्थल पर उपस्थित होना होगा।

### उत्कृष्ट कार्यो के लिए मौसम विज्ञानी भट्ट हुए सम्मानित

**अम्बिकापुर।** पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा संचालित मौसम विज्ञान विभाग के प्रादेशिक मौसम केंद्र द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह में उत्कृष्ट



करने वाले अधिकारी-अधिकारियों को हर साल सम्मानित किया जाता है। विभाग द्वारा इस बार उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रदेश भर के 6 अधिकारी-कर्मचारियों का चयन किया गया था। विभाग द्वारा मौसम विज्ञान केन्द्र अम्बिकापुर के मौसम विज्ञानी बी अक्षय कुमार भट्ट को उत्कृष्ट कार्यो के लिए प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### स्कूल परिसर में गाली गलौज करने वाले दो गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** कुसमी के नवाडीहकला में दो युवकों एन शराब के नशे में जमकर उत्पात मचाया। युवकों ने स्कूल परिसर में गाली गलौज करने के साथ ही शिक्षकों को मारने की धमकी दी। अब इस मामले में प्रशासन के निर्देश पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एसडीएम कुसमी करूण डहरिया ने बताया कि विकासखंड कुसमी के अंतर्गत तहसील चांदो के ग्राम नवाडीहकला में स्थित शासकीय प्राथमिक शाला बरवाडीह के सामने डूमरखोरका नवासी 19 वर्षीय विकास पैकरा व 19 वर्षीय संजय कोरवा ने शराब के नशे में शोर-शराबा करते हुए विद्यालय के शिक्षकों को मारपीट करने की धमकी दी। विद्यालय के शिक्षकों द्वारा उक्त मामले की शिकायत थाना चांदो में की गई। शिकायत की जांच हेतु दोनों युवकों को थाना चांदो लाया गया। जहां दोनों से पूछताछ की गई, पूछताछ के दौरान दोनों युवक आक्रोश में आकर शिकायतकर्ताओं एवं पुलिस कर्मचारियों से वाद-विवाद करने लगे। थाना में विवाद की स्थिति को देखते हुए, दोनों युवकों के विरुद्ध धारा 170 बीएनएसएस के तहत इस्तगासा तैयार कर अनुविभागीय दंडाधिकारी कुसमी के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां न्यायालय अनुविभागीय दंडाधिकारी कुसमी के द्वारा दोनों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर जेल भेज दिया है।

### पागल कुत्ता के काटने से गंभीर वृद्ध की गई जान

अम्बिकापुर। दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम तुरना निवासी झनक राम राजवाड़े आ. स्व. चमरा राम राजवाड़े (65 वर्ष) 31 दिसंबर की रात पत्नी के साथ घर में था। इसी दौरान रात लगभग 8 बजे बाथरूम करने घर के बाहर निकला। जैसे ही बाथरूम करने के पश्चात घर जाने के लिए मुड़ा तभी आवारा पागल कुत्ता ने उस पर हमला कर दिया। कुत्ता ने वृद्ध के उंगली को काट लिया जबकि चेहरे को पंजा से जख्मी कर दिया। इधर किसी तरह वृद्ध पागल कुत्ता से बचकर घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन ने दूसरे दिन मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार कराया तथा बीच बीच में इंजेक्शन लगवाने के लिए मेडिकल कॉलेज लेकर भी आए। 26 जनवरी को वृद्ध की हालत काफी बिगड़ गई तो परिजन ने उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां आज तड़के उपचार के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## नगरवासियों ने दी आंदोलन की चेतावनी, लोगों में आक्रोश

# अम्बिकापुर-गढ़वा मुख्य मार्ग निर्माण में भारी लापरवाही, धूल-गड्ढों से त्रस्त



धूलधुसरित सड़क।

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

छत्तीसगढ़ और झारखंड को जोड़ने वाला अत्यंत महत्वपूर्ण अम्बिकापुर–गढ़वा मुख्य मार्ग बदहाली का शिकार हो चुका है।

**खास बात**

- ठेकेदार पर काम में लेट-लतीफी का आरोप

एनएच 343 की पर प्रतिदिन हजारों वाहन गुजरते हैं और यही मार्ग व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं तथा आपातकालीन आवागमन की प्रमुख जीवन रेखा माना जाता है लेकिन वर्तमान में इस मार्ग पर चल रहा निर्माण कार्य आम जनता के लिए राहत की बजाय एक बड़ी मुसीबत बन गया है। धीमी रफ्तार, अधूरा निर्माण, गड्ढे, उड़ती धूल और सुरक्षा इंतजामों की भारी कमी के कारण लोग रोजमर्रा की परेशानी झेलने को मजबूर हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि सड़क निर्माण के नाम पर केवल दिखावटी गतिविधियां की जा रही हैं। ठेकेदार द्वारा राजपुर और अंबिकापुर के बीच सिर्फ तीन स्थानों चांची और परसागुड़ी में पोकलेन मशीनें खड़ी कर काम चलता हुआ दर्शाया जाता है। इसके अलावा परसा में नाली निर्माण और पुल पुलिया के काम चल रही हैं जबकि वास्तविकता में मशीनें घाटों निष्क्रिय खड़ी रहती है। लंबे इंतजार के बाद एनएच 343 के निर्माण कार्य की शुरुआत तो हुई, लेकिन इसकी धीमी गति और अव्यवस्था अब जनता के लिए आफत बनती जा रही है। यातायात सुरक्षा को लेकर निर्माण एजेंसी ने लगभग कोई व्यवस्था नहीं की है। पूरे निर्माण क्षेत्र में न तो पर्याप्त साइन बोर्ड लगाए गए हैं और न ही रात में चमकने वाले रिफ्लेक्टर, ब्लिंकर लाइट या चेतावनी संकेत लगाए गए हैं। रात के समय दृश्यता बेहद कम हो जाती है ऐसे में बिना किसी चेतावनी या सुरक्षा व्यवस्था के अधूरी सड़क पर वाहन चलाना जान जोखिम में डालने जैसा है। कुछ दिन पहले ही राजपुर तहसील के पास एक ट्रक की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है। इसके बावजूद निर्माण एजेंसी द्वारा न तो फ्लैगमैन की तैनाती की जा रही है और न ही रात में लाल-हरी झंडी या एलईडी रॉड के जरिए यातायात नियंत्रित किया जा रहा है। सड़क की खुदाई के कारण पूरे मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। इन गड्ढों में फंसकर दोपहिया और चारपहिया वाहन आए दिन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। ठेकेदार द्वारा पानी छिड़काव के नाम पर केवल औपचारिकता निभाई जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार शाम के समय सरगुजा सर्विस स्टेशन से थाना चौक तक ही थोड़ा-बहुत पानी डाला जाता है, जबकि गेउर नदी पुल से लेकर तहसील कार्यालय तक का पूरा इलाका धूल से ढंका रहता है। दुकानों के बाहर रखा सामान, घरों के भीतर की वस्तुएं और यहां तक कि पीने का पानी तक धूल से खराब हो रहा है।

### अधिकारियों से करेंगे चर्चा

भाजपा जिलाध्यक्ष बलरामपुर ओमप्रकाश जायसवाल ने कहा कि कार्य धीमा गति से



हो रहा है। कलेक्टर और एनएच 343 के अधिकारियों से बात करेंगे और कार्य में प्रगति लाने को कहेंगे। यहां के लोगों को धूल व गड्ढों से निजात मिल सके। सरकार की जो मनसा है लोगों को आवागमन की सुविधा अच्छे सड़क के माध्यम से मिले।

### अधिकारियों से हुई है बात



भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष मुकेश गुप्ता ने कहा कि एनएच के उच्च अधिकारियों से बात कर कार्य को गति देने हेतु कहा गया है। आबादी क्षेत्र में जहां-जहां कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है उन सभी जगह पर कार्य जल्द से जल्द प्रारंभ करने हेतु भी कहा गया है ताकि बरसात के दिनों में यहां के लोगों को निजात मिल सके।

### ठेकेदार काम में लाएं तेजी

पूर्व विधायक डॉ. प्रीतम राम ने कहा कि



यह सड़क हजारों लोगों की जीवनरेखा है। धूल और गड्ढों से लोगों का स्वास्थ्य खराब हो रहा है, जो अत्यंत चिंताजनक है। उन्होंने ठेकेदार को चेतावनी देकर निर्माण कार्य में तेजी लाने की मांग की।

### हो रही है खाना पूर्ति

नवनियुक्त कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष नीरज तिवारी ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य की गति काफी धीमी है सड़क निर्माण के नाम पर सड़क के किनारे जगह जगह गड्ढे खोदकर छोड़ दिया गया है। कोई भी सुरक्षा सूचक बोर्ड तक नहीं लगाया गया है जिससे दुर्घटनाओं की संभावना हमेशा बनी रहती है सड़क पर उड़ने वाले धूल से भी लोगो घर के बाहर रहना दूभर हो गया है। पानी छिड़काव के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही है।

### दिए गए है निर्देश

धीमा गति से कार्य किया जा है। कांट्रेक्टर को शीघ्र तेज गति लाने हेतु निर्देश दिया गया है। उच्च अधिकारियों द्वारा निरंतर कार्य प्रगति की समीक्षा की जा रही है। ठेकेदार को तेज गति लाने हेतु निर्देश दिया गया है।

**-निखिल लकड़ा**, एसडीओ एनएच 343

## नशे के सौदागर को दस साल की कैद

**सूरजपुर।** विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट ने नशे के कारोबार में लिप्त आरोपी को दी 10 वर्ष की सश्रम कारावास एवं 1 लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। जानकारी के अनुसार 9 अप्रैल को कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिला कि ग्राम देवनगर नावापारा निवासी मो. इस्माईल अंसारी अपने घर के पास में नशीली दवाइयों की बिक्री कर रहा है।



सूचना की तस्दीक व कार्रवाई हेतु पुलिस मौके पर पहुंची जहां मो. इस्माइल अंसारी आ. स्व. रमजान अंसारी (32 वर्ष) के कब्जे से कुल 365 नग नशीली इंजेक्शन जब्त किया गया। मामले में नशीली इंजेक्शन जब्त कर धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार किया था। मामले के विवेचक एएसआई सुमंत पांडेय द्वारा प्रकरण में पुख्ता साक्ष्य संकलित कर आरोप पत्र विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट न्यायालय में पेश किया। इस मामले की सुनवाई न्यायाधीश मानवेन्द्र सिंह विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट के यहां हुई। न्यायालय ने मामले की सुनवाई पूरी करते हुए प्रकरण के समग्र तथ्यों, गवाहों के कथनों, एफएसएल रिपोर्ट के आधार पर अपराध सिद्ध होने से आरोपी मो. इस्माईल अंसारी को धारा 21(सी) के आरोप में दस वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1 लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

## नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिन निकाली गई भव्य कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर



नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिवस नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। सुबह से ही वातावरण हरि नाम संकीर्तन, शंखनाद, ढोल-नगाड़ों और जयघोष से गूंज उठा।

स्थानीय पक्की तालाब से पवित्र जल भरकर सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश धारण किया, वहीं युवाओं की टोली भगवा ध्वज लेकर नगर भ्रमण में शामिल हुए। गाजियाबाद से आए ढोल-नगाड़ों की टोली, आकर्षक झांकियां और भव्य आतिशबाजी ने इस कलश यात्रा को शोभायात्रा का दिव्य स्वरूप प्रदान किया। कलश यात्रा राजघराना चौक, कदमपारा चौक,कॉलेज चौक, बस स्टैंड होते हुए थाना चौक से कथा पंडाल स्टेडियम ग्राउंड में सम्पन्न हुई। नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भक्तों का स्वागत किया। मुख्य यजमान छोटेलाल जायसवाल एवं श्रीमती कौशल्या जायसवाल रहे। कथा प्रवक्ता आचार्य सदानंद महाराज, श्रीधाम वृंदावन मथुरा के मुखारविंद से कथा का रसपान कराया जा रहा है। प्रथम दिवस आचार्य ने श्रीमद् भागवत महापुराण की महिमा, उसकी उत्पत्ति, शुकदेव-परिक्षित संवाद एवं कथा श्रवण के आध्यात्मिक महत्व को सरल एवं भावपूर्ण शब्दों में समझाया। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत केवल ग्रंथ नहीं, यह जीवन जीने की कला है, जो मानव को भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की ओर ले जाती है। आयोजकों ने बताया कि आगामी नौ दिनों तक श्रद्धालु श्रीमद् भागवत कथा के विभिन्न प्रसंगों ध्रुव-प्रहलाद चरित्र, श्रीराम एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, गोवर्धन पूजा, महारास, रुक्मणी विवाह, सुदामा चरित्र का रसपान करेंगे। समापन अवसर पर हवन-पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे का आयोजन होगा। इस दौरान अंबिका जायसवाल, राजेश जायसवाल, रुचि जायसवाल, ज्योति जायसवाल, रंभा जायसवाल, राजेश गुप्ता, मुकेश तायल, आनंद शुक्ला, लवकेश पैकरा, विनोद जायसवाल, कमलेश गुप्ता, संतोष जायसवाल, राजेश कश्यप, वासुदेव पांडे, संतोष सिंह, हरिशंकर गर्ग, अंकुर जायसवाल, अजय जायसवाल, लक्ष्मी गुप्ता, अभिषेक, पप्पल, विक्रम नामदेव, राहुल तिवारी, शाहिद सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## पूर्व उप मुख्यमंत्री सिंहदेव का नगर आगमन कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

**सूरजपुर।** पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव का जिला आगमन होने पर जगह जगह स्वागत किया गया साथ ही कार्यकर्ताओं से भेट मुलाकात कार्यक्रम आयोजित किया गया सर्वप्रथम पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अश्विनी सिंह के निवास पर कार्यकर्ताओं से भेट मुलाकात व एनएसयूआई द्वारा आयोजित छात्र कौशल प्रतियोगिता का पोस्टर विमोचन किया गया। इसके पश्चात ग्राम पर्री में कार्यकर्ताओं से भेट मुलाकात,वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजेन्द्र गोयल के निवास पर कार्यकर्ताओं से भेट मुलाकात, देवनगर मंडी का निरीक्षण, ग्राम कल्याणपुर में स्वागत,पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष नरेश राजवाड़े के निवास पर कार्यकर्ताओं से भेट मुलाकात,कंचन नगर में स्वागत, प्रेमनगर में माता कर्मा चौक का उद्घाटन,चंदननगर में पूर्व जनपद उपाध्यक्ष तुलसी यादव के निवास पर भेट मुलाकात एवं चंदन नगर में फुटबॉल के समापन अवसर पर शामिल हुए। पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के साथ खेलसाय सिंह, प्रेमसाय सिंह, पारस नाथ राजवाड़े, शफी अहमद, भगवती राजवाड़े, राजकुमारी शिव भजन मरावी भी दौरे में शामिल रहे। श्री सिंहदेव ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठन को मजबूत करने की बात कही। इस दौरान जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष राजीव सिंह, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज डालमिया आदि शामिल रहे।



## युवाओं ने ग्रहण की कांग्रेस की सदस्यता, पट्टिका पहनाकर किया गया स्वागत



कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ नवप्रवेशित कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

आखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य आदित्येश्वर शरण सिंहदेव एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक की उपस्थिति में बुधवार को संख्या में युवाओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। अम्बिकापुर शहर के बड़े जिम संचालक राकेश अग्रवाल के नेतृत्व में कांग्रेस ज्वाइन करने आए इन युवाओं को कांग्रेस की पट्टिका पहनाकर आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने पार्टी में इनका स्वागत किया। शामिल होने आये युवाओं ने एक एक कर अपना परिचय देते हुए यह कहा की देश के युवाओं के प्रति राहुल गांधी की सोच एवं पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव के नेतृत्व क्षमता से प्रभावित होकर सभी ने कांग्रेस ज्वाइन करने का फैसला किया।

उन्हें संबोधित करते हुए श्री सिंहदेव ने कहा कि इस बात की ख़ुशी है कि युवा जेनजी को कांग्रेस की विचारधारा पसंद आ रही है। उनसे चर्चा में उनके राजनीतिक रुझान को समझने में बड़ी मदद मिली है। हमें पूरी उम्मीद है कि इन युवाओं के कांग्रेस प्रवेश से पार्टी को मजबूत करने में मदद मिलेगी। इस दौरान श्री हेमंत सिन्हा, मो इस्लाम, रामविनय सिंह, विनय शर्मा, इंद्रजीत सिंह धंजल, विनीत विशाल जायसवाल, लोकेश कुमार, राकेश सिंह, गुरूप्रीत सिंह, नरेंद्र विश्वकर्मा,जीवन यादव, चंद्रप्रकाश सिंह, रजनीश सिंह, नीतीश चौरसिया, सतीश बारी, सोहन जायसवाल, शुभम जायसवाल, अविनाश कुमार, मो इमरान आदि मौजूद थे।

### पूर्व उपमुख्यमंत्री ने बनाया सदस्य

इन युवाओं को जिन सदस्यता फार्म के माध्यम से कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कराई गई है उसपर सदस्यता ग्रहण कराने वाले सदस्य के रूप में स्वयं पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने हस्ताक्षर किया है। इन युवाओं के कांग्रेस प्रवेश की को लेकर राकेश अग्रवाल ने 2 दिन पूर्व उनसे चर्चा की थी। पार्टी के आवश्यक बैठक के लिए दिल्ली रवाना होने के कारण आज वो उपस्थित नहीं रह सके। हालांकि उनके हस्ताक्षर युक्त सदस्यता फार्म की पावती राकेश अग्रवाल, राजेश चौधरी, सौरभ सोनी, रुस्तम मिर्जा, देवाशीष मंडल, तौसीफ अहमद, अरुण कुमार, कौशर अहमद, मरकुस लकड़ा, अमन जायसवाल, सुमित चौबे, तौफीक अहमद, मो अलिफ़ पठान, शाहिद राजा, अमान खान, हबीब खान, सैफ खान, मो अयान शेख, मो अयान अंसारी, रविंद्र सिंह, उजियारा सिंह, विकास कुमार, अनीस भगत, अंनत वंशी, मनीष लकड़ा, अरुण सिंह, भरत, प्रभाकर सिंह, विजय सिंह, धीरेंद्र पैकरा, तुषार सिंह, राजन नगेशिया, हारकिशुन, सुभाष कुमार, मनीष पैकरा, आशीष पैकरा, चंद्रकांत सिंह, राजू सिंह, सुधाकर सिंह, जितेंद्र सिंह, रोहित किस्पोट्टा, अलका गुप्ता, खुशबू सिंह, इशिका रॉय, सृष्टि विश्वकर्मा, स्नेहा जायसवाल, रेणु साहू, प्रियंका राजवाड़े, अंशी हालदार आदि पार्टी के नवप्रवेशी सदस्यों को दी गई।

## मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की पहल, 31 को राज्य स्तरीय करियर मार्गदर्शन मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर





- फिजिक्स गुरु नितिन विजय देंगे छात्रों को सफलता का मंत्र

छत्तीसगढ़ की सुशासन सरकार के विजन सुरक्षित और सफल भविष्य को साकार करने की दिशा में महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की पहल पर जिले में राज्य स्तरीय करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। 31 जनवरी को भटगांव ग्राउंड में कपिध्वज - करियर गाइडेंस कार्यक्रम का भव्य आयोजन होगा, जिसमें 6 हजार से अधिक विद्यार्थी भाग लेकर राष्ट्रीय स्तर के करियर विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं, करियर चयन और लक्ष्य निर्धारण के लिए समय पर सही दिशा देना है। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि सरकार का संकल्प है कि प्रदेश का हर छात्र सही मार्गदर्शन पाकर अपने सपनों को साकार कर सकें। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में देश के प्रसिद्ध शिक्षाविद, फिजिक्स गुरु एवं मोशन एजुकेशन कोटा के संस्थापक नितिन विजय विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे। वे प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के सूत्र, करियर प्लानिंग और आत्मविश्वास निर्माण पर अपने अनुभव साझा करेंगे। इस राज्य स्तरीय आयोजन में जिले सहित आसपास के क्षेत्रों के स्कूल एवं कॉलेजों के विद्यार्थी शामिल होंगे। जिला प्रशासन एवं कपिध्वज टीम द्वारा कार्यक्रम को सुव्यवस्थित और प्रेरक बनाने हेतु तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं। यह आयोजन न केवल सूरजपुर बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा और प्रदेश को शैक्षणिक सशक्तिकरण की नई दिशा प्रदान करेगा।

## चोरों ने आईसीयू में भर्ती मरीज के बैग से पार किया रूपए

**अम्बिकापुर।** लटोरी अंतर्गत ग्राम जगतपुर निवासी शबरन राम की तबीयत ज्यादा खराब हो जाने पर परिजन ने उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आईसीयू में दाखिल कराया। बीती रात चोरों ने मरीज के पुत्र श्याम कुमार के बैग में रखे नगद 12 सौ रुपए को पार कर दिया। घटना की जानकारी सुबह लगी जब श्याम कुमार बैग में रखे रुपए निकालने लगा तो पता चला कि बैग में रुपए ही नहीं है। घटना की शिकायत श्याम कुमार ने अस्पताल के पुलिस से की है।

## बिजनेस प्लस

### सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स के नए स्टोर की शुरुआत

अम्बिकापुर। अग्रणी ज्वेलरी रिटेल चेन सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स ने अपने पहले स्टोर के शुभारंभ के साथ अपनी उत्कृष्ट कारीगरी और भरोसे की विरासत को लाया है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ में सेन्को के स्टोर्स की संख्या चार हो गई है।

- मिलेगा सोना, हीरा, प्लैटिनम और चांदी का कलेक्शन




बनारस रोड स्थित अंबेडकर चौक पर स्थित सेन्को स्टोर 3,760 वर्ग फुट क्षेत्र में फैला है। इसे ग्राहकों के लिए आकर्षक खरीदारी अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है। स्टोर में सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स के विविध कलेक्शन प्रदर्शित किए गए हैं जिसमें हल्के, सुरुचिपूर्ण दैनिक उपयोग के आभूषणों से लेकर भारी ब्राइडल और खास मौकों के लिए आभूषण शामिल हैं। सोना, हीरा, प्लेटिनम और चांदी में उपलब्ध ये डिज़ाइन्स ब्रांड की पारंपरिक कारीगरी और आधुनिक डिजाइन के उत्कृष्ट हैं। सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स की निदेशक जोइता सेन ने कहा हमें अंबिकापुर में सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स की 85 वर्षों की भरोसे, कारीगरी और डिजाइन उत्कृष्टता की विरासत लाते हुए बेहद खुशी हो रही है। छत्तीसगढ़ हमारे लिए एक मजबूत विकासशील बाजार रहा है, और यह स्टोर लॉन्च हमें इस क्षेत्र के ग्राहकों के साथ और गहरा जुड़ाव बनाने का अवसर देता है। राज्य में सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स के स्टोर बिलासपुर और रायपुर में हैं। वहीं पूरे भारत में लगभग 200 स्टोर्स का मजबूत नेटवर्क है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

